**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय)**

**दिनांक–03.01.2025 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पटना की अध्यक्षता में सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य हेतु समयावधि संबंधित बिन्दुओं पर आहूत बैठक की कार्यवाही :–**

---

1. उपस्थिति–पंजी के अनुसार।
2. अपर मुख्य सचिव द्वारा सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य हेतु नामित संस्थानों यथा:– ए0एन0 सिन्हा, सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना, आद्री पटना एवं एल0एन0 मिश्रा आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना के प्रतिनिधियों के साथ राज्य अन्तर्गत भू–अर्जन अधिनियम, 2013 के तहत् संचालित विभिन्न परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में सामाजिक प्रभाव आकलन (S.I.A.) कार्य को ससमय में पूर्ण किये जाने एवं समय प्रबंधन तथा इसकी उपयोगिता के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

विचारोपरान्त अपर मुख्य द्वारा निम्न निदेश दिये गये :–

(क) S.I.A. कार्य के लिए चयनित संस्थान द्वारा अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही सामाजिक प्रभाव आकलन (S.I.A.) कार्य आरंभ कर दी जाय।

(ख) S.I.A. संस्थानों से ड्राफ्ट प्रतिवेदन उपलब्ध होने के एक सप्ताह के अंदर जिला भू अर्जन कार्यालयों द्वारा लोक सुनवाई हेतु अधिसूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाय। साथ ही, सुनवाई हेतु नोटिस निर्गत करते हुए शीघ्रता से सुनवाई की कार्रवाई पूरी की जाय।

(ग) नामित संस्थान भी ड्राफ्ट प्रतिवेदन एवं अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में तत्परता प्रस्तुत करेंगे।

(घ) सभी जिलों में भू–अर्जन अधिनियम, 2013 के तहत संचालित परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रकिया में S.I.A. का अंतिम प्रतिवेदन प्राप्त होने पर चयनित संस्थान को एक सप्ताह के अंदर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाय।

(ड़) नामित सस्थानों एवं जिला भू अर्जन कार्यालयों द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर S.I.A. कार्य को प्राथमिकता देकर ससमय पूर्ण करने हेतु निश्चित रूप से अपेक्षित कार्रवाई की जाय।

बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त की गयी।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

ज्ञापांकः–14 / डी.एल.ए.–एल.ए.एक्ट–नीति(एस.आई.ए.)खंड–''क''–11 / 2014–24 / रा., पटना, दिनांक–09.1.25

प्रतिलिपिः–निदेशक, ए0 एन0 सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, पटना / निदेशक, चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना / निदेशक, विकास प्रबंधन संस्थान, उद्योग भवन, पटना / निदेशक, आद्री एवं निदेशक, एल0एन0 मिश्र, आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

9/1/25
**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–14 / डी.एल.ए.–एल.ए.एक्ट–नीति(एस.आई.ए.)खंड–''क''–11 / 2014–24 / रा., पटना, दिनांक–09.1.25

प्रतिलिपिः–सभी समाहर्त्ता एवं सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/1/25
**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–14 / डी.एल.ए.–एल.ए.एक्ट–नीति(एस.आई.ए.)खंड–''क''–11 / 2014–24 / रा., पटना, दिनांक–09.1.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

9/1/25
**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–14 / डी.एल.ए.–एल.ए.एक्ट–नीति(एस.आई.ए.)खंड–''क''–11 / 2014–~~23~~ 24 / रा., पटना, दिनांक–09.1.25

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

9/1/25
**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**